भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2301
गुरुवार, 13 मार्च, 2025 (22 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाई पट्टी से विमान सेवाओं का संचालन

2301. श्री दामोदर अग्रवाल:
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के अंतर्गत आरसीएस उड़ानों के संचालन हेतु किसी भी विमान कंपनी को हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाई पट्टी से जोड़ने वाला हवाई मार्ग प्रदान नहीं किए जाने के क्या कारण हैं;
(ख) उक्त हवाई पट्टी पर वर्तमान में विमान सेवाओं के संचालन के लिए क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं;
(ग) उक्त हवाई पट्टी पर वर्तमान में कितनी धावन पट्टियां उपलब्ध हैं और इनमें से कितनी धावन पट्टियां निर्धारित मानकों के अनुसार उड़ानों के लिए उपयुक्त हैं; और
(घ) हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाई पट्टी के वर्तमान उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ)**:** हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाईपट्टी लाइसेंस रहित हवाईपट्टी है जिसका स्वामित्व व प्रबंधन राजस्थान राज्य सरकार के द्वारा किया जाता है। योजना के अंतर्गत बोली के पांच चरण पूरे होने तक आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए हवाईपट्टी को जोड़ने वाले किसी भी मार्ग को अवार्ड नहीं किया गया था। हमीरगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने के लिए बोलियाँ 2019 में उड़ान 4.0 योजना के दौरान प्राप्त हुई थीं, लेकिन उस अवधि के दौरान कोविड-19 महामारी और उससे उत्पन्न स्थिति के साथ-साथ वीजीएफ बाधाओं के कारण, किफायती उपाय लागू किए गए और हमीरगढ़ सहित ऐसी हवाईपट्टियों को जोड़ने की बोलियाँ एयरलाइनों को अवार्ड नहीं की गईं।

हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाईपट्टी उड़ान दस्तावेज़ में असेवित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। यदि कोई एयरलाइन भावी बोली के दौर में इस हवाईपट्टी को जोड़ने वाली आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए वैध प्रस्ताव प्रस्तुत करती है, तो उस पर उड़ान योजना के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जा सकता है।

******